BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 24 दिसम्बर 2024 **थाना छतारी**

प्रायोजित ट्रक लूट की घटना का सफल अनावरण, अपने साथ घटना कराने वाले ड्राईवर सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से तथाकथित लूटा गया ट्रक, 310 बोरे (16.5 टन) मक्का, 15400/- रुपये नकद, अवैध चाकू बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 22.12.2024 को वादी छोटेलाल पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम बाडी धौलपुर राजस्थान ने थाना छतारी पर तहरीर दी कि वह दिनांक 19.12.2024 को इटारसी मध्यप्रदेश से मुरादाबाद के लिए अपने ट्रक नं0- RJ 11 GA 8516 में मक्का भरकर चला था। दिनांक 22.12.2024 को समय करीब सुबह 04.30 बजे थाना छतारी क्षेत्रान्तर्गत कस्बा डड्डू के पास पहुंचा तो 03 अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा ट्रक के आगे बाइक लगाकर ट्रक रुकवा लिया तथा उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल तोड दिया तथा 17,000/- रुपये, कागजात व ट्रक को लेकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना छतारी पर मुअसं- 476/24 धारा 309(6) बीएनएस बनाम 03 अज्ञात नफर पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के क्रम में स्वाट टीम व थाना छतारी पुलिस को घटना के अनावरण हेतु लगाया गया था। जांच/विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि ट्रक में भरी मक्का को हड़पने के उद्देश्य से इस पूरी घटना की प्लानिंग वादी छोटेलाल द्वारा अपने साथी केशव के साथ मिलकर की गयी थी। आज दिनांक 24.12.2024 को स्वाट टीम व थाना छतारी पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को तथाकथित लूटे गये ट्रक, 310 बोरे मक्का (लगभग 16.5 टन), 15400/- रुपये नकद, अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना छतारी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 316(3)/317(2)/318(4) बीएनएस में परिवर्तित कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. छोटे लाल कुशवाह पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम व थाना बाड़ी जनपद धौलपुर (राजस्थान)।
2. केशव परमार पुत्र हरिदत्त निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1. 01 ट्रक नं0- RJ 11 GA 8516
2. 310 बोरे मक्का (लगभग 16.5 टन)
3. 15,400/- रुपये
4. 01 अवैध चाकू

स्वाट टीम-

1. उ0नि0 श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम
2. है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी,है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार।

थाना छतारी पुलिस टीम-

1. श्री संदीप कुमार थाना प्रभारी छतारी
2. व0उ0नि0 तारा सिंह, है0का0 संजय शर्मा, है0का0 मनोज, है0का0 अनिल

मीडिया सैल बुलन्दशहर